महादेव शिव की है दोनों संतान

साखी - रविवार भैरव भजो मंगल शनि हनुमान
सब संकट टल जाये 'लक्खा' हो जाये कल्याण

महादेव शिव की है दोनो संतान
एक बलि भैरव तो दुजे हनुमान ।

एक तन सिन्दुरी है एक रूप काला, दुनिया में दोनो का है बोलबाला ।
दोनो में ही... दोनो में विषमता है फिर भी समान
एक बलि भैरव तो दुजे हनुमान...

एक राम का भक्त दुजा शिव दुलारा, दोनो ने भगतो का संकट है टारा ।
इनके जैसे... इनके जैसे सेवक ना जग में महान
एक बलि भैरव तो दुजे हनुमान...

दुष्टो को चुन चुनके हनुमान छांटा, 'लक्खा' भैरव ने शीश ब्रम्हा का कांटा ।
बेधड़क इनका... बेधड़क इनका तु करले गुणगान
एक बलि भैरव तो दुजे हनुमान...

जय हो भैरव... जय बजरंग बली

Uploaded by : हेमन्त कुमार 'झालावाड़'

स्वर : [लखबीर सिंह लक्खा]

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1435/title/mahadev-shiv-ki-hai-dono-santaan-ek-bali-bharo-aur-doje-hanuman

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |